कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com , Fax/☎ 05964-225234

पत्रांकः 1279 / 12-1 दिनांक, पिथौरागढ़, 06-09-, 2023।

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– **जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड डीडीहाट में मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 314/2018 के कम में डीडीहाट (ग्राम ननपापों) में हैलीपैड निर्माण हेतु 0.15 हे0 वन पंचायत भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्रामीण निर्माण विभाग, अस्थाई प्रखण्ड डीडीहाट को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– **आपका पत्रांक 264/12–1(2) दिनांक 28.07.2023 व प्रस्तावक विभाग का पत्रांक 685/ग्रा0नि0वि0/हैलीपैड/2023–24 दिनांक 26.08.2023।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके सन्दर्भित पत्र के कम में प्रस्तावक विभाग द्वारा पुनः प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें यह अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित योजना हेतु उक्त चयनित स्थल के अतिरिक्त गैर वन भूमि चयन हेतु भी प्रयास किये गये हैं किन्तु क्षेत्रान्तर्गत कोई भी उपयुक्त स्थल उपलब्ध न होने के कारण ही वन भूमि का चयन किया गया है। इस सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये अभिलेख संलग्न कर प्रेषित है।

अतः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

संलग्नः– यथोक्त।

भवदीय,

(जीवन मोहन दगाड़े)
प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग पिथौरागढ़।